दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 32 मुरादाबाद 24 May 2022 (Moday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## भारत स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध, पीएम मोदी ने आर्थिक जुड़ाव पर भी दिया जोर



टोकियो, पीटीआइ- भारत ने सोमवार को एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि भारत ने निरंतर विकास, शांति और समृद्धि के लक्ष्य को हासिल करने के लिए भागीदारों के बीच आर्थिक जुड़ाव को गहरा करने पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडो-पैसिफिक इकोनामिक फ्रेमवर्क -के लिए समर्पित कार्यक्रम में शिरकत की। पीएम मोदी ने कहा कि आईपीईएफ की घोषणा हिंद-प्रशांत क्षेत्र को वैश्विक आर्थिक विकास का इंजन बनाने की सामूहिक इच्छाशक्ति की परिणति है। प्रधानमंत्री मोदी ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र की आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए एक साझा और रचनात्मक समाधान खोजने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत ऐतिहासिक रूप से भारत-प्रशांत क्षेत्र में व्यापार प्रवाह के केंद्र में रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि गुजरात के लोथल में दुनिया का सबसे पुराना वाणिज्यिक बंदरगाह है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडो-पैसिफिक इकोनामिक फ्रेमवर्क के लिए क्षेत्र के सभी देशों के साथ काम करने की भारत की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं की नींव 3T यानी विश्वास, पारदर्शिता और समयबद्धता के सूत्र पर टिकी होनी चाहिए। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि भारत एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध है और मानता है कि निरंतर विकास, शांति और समृद्धि के लिए भागीदारों के बीच आर्थिक जुड़ाव को गहरा करना महत्वपूर्ण है। यही नहीं भारत इंडो-पैसिफिक इकोनामिक फ्रेमवर्क के तहत भागीदार देशों के साथ सहयोग करने और क्षेत्रीय आर्थिक संपर्क को आगे बढ़ाने, एकीकरण और क्षेत्र के भीतर व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में काम करने का इच्छुक है।

## उत्तर प्रदेश में विकास की भव्य इमारत तैयार करेगी योगी सरकार: आनंदीबेन



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने योगी सरकार की कार्यशैली की तारीफ करते हुए कहा कि अगले पांच सालों में राज्य को देश का अग्रणी प्रदेश बनाने के लिए निवेश को प्रोत्साहन और आधारभूत अवसंरचना को सुदृढ़ीकरण की दिशा में काम किया जाएगा। राज्य विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने महंगाई, किसानों की समस्या समेत तमाम मुद्दों को लेकर जबरदस्त हंगामा किया और वेल पर आकर नारेबाजी की। विपक्ष के हंगामें के बीच श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अपने उदबोधन में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जनादेश के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को बधाई देते हुए कहा कि अगले पांच साल में अब सुशासन को और सुदृढ़ करने के लिए सरकार की स्वयं से प्रतिस्पर्धा प्रारम्भ होगी। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में भाजपा सरकार ने प्रदेश में विकास की नींव डालने का कार्य किया गया है जबकि अगले पांच वर्षों में इसी नींव पर विकास की भव्य इमारत आकार लेगी। करीब एक घंटे के अभिभाषण में उन्होंने प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था को सराहना करते हुए विभिन्न पर्व-त्योहारों के शांतिपूर्ण सम्पन्न होने पर खुशी जताई।

उन्होंने आवास से लेकर सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं, औद्योगिक निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला उत्थान सहित सभी क्षेत्रों में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया और कहा कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन की टाइमलाइन तय करते हुए काम होगा और परफॉर्मेन्स बेस्ड कार्यों पर फोकस किया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि पूर्व की भांति मेरी सरकार प्रदेशवासियों को पारदर्शी एवं जवाबदेह शासन व ईमानदार तथा संवेदनशील प्रशासन उपलब्ध कराने के लिए तत्पर रहेगी। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों के अलग-अलग समूह गठित किए गए हैं। मंत्री समूहों द्वारा अलग-अलग जनपदों का भ्रमण कर सरकार आपके द्वार के अनुरूप जनता से सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है। इसके साथ ही, समाज के कमजोर वर्गों के सम्मानित नागरिकों का खास ध्यान रखते हुए उनकी समस्याओं के समाधान के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

## अखिलेश यादव को ओमप्रकाश राजभर की सलाह, एसी कमरे से निकलकर जनता तथा सपा कार्यकर्ता के बीच जरूर जाएं



लखनऊ- उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाली सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओमप्रकाश राजभर ने विधानमंडल के बजट सत्र के पहले ही दिन सदन से बाहर बड़ा बम फोड़ा है। समाजवादी पार्टी सहित अन्य दलों के साथ मिलकर 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने की योजना तैयार करने वाले ओमप्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को संगठन पर पकड़ मजबूत करने की सलाह देने के साथ ही इसका तरीका भी बताया है। विधान भवन के मंडप में बजट सत्र में पहले ही दिन की कार्यवाही से पहले योगी आदित्यनाथ सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे ओमप्रकाश राजभर ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को बड़ी सलाह दे डाली है। राजभर ने कहा कि अखिलेश यादव जी आप सौ-सौ मीटर की दूरी भी गाड़ी से तय करते हैं, यह ठीक नहीं है। कम से कम सौ मीटर तो पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ चलें। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता हमसे मिलकर कहते हैं कि जैसे आप घर से निकलकर जनता के बीच में जाते हैं, वैसे ही हमारे नेता को भी कहिए कि वह भी ऐसा करें। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को अपने कमरे से बाहर निकलकर जनता के बीच में जाने की जरूरत है। उन्हें संगठन को गति देने की जरूरत है। ओमप्रकाश राजभर ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को नसीहत देते हुए कहा कि आप अब प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हैं और कार्यकर्ताओं के साथ नौकरशाहों वाला व्यवहार मत करिए। आप तो सौ मीटर भी गाड़ी से जाते हैं। सौ मीटर की दूरी पैदल तय कर आप तो अपनी पार्टी के दस हजार कार्यकर्ताओं का दिल जीत सकते हैं। राजभर इतने पर ही नहीं रुके और कहा कि आप को एयर कंडीशनर की हवा लग गई है। आप को कार्यकर्ताओं के बीच आना चाहिए और उनसे मुलाकात करनी चाहिए। ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि सच तो बड़ा कड़वा होता है। आपकी पार्टी के ही नेताओं ने मुझसे कहा कि मुझे उन्हें सलाह देनी चाहिए कि वह लोगों से मिलें। राजभर ने कहा कि अपनी पार्टी को मजबूत करें और उनको घेरे खड़े नवरत्नों को हटाएं। जो दूसरे दलों के पैरोल पर आपको घेर रखें हैं।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

# विद्यालय के प्रधानाचार्य के विदाई समारोह का कार्यक्रम सम्पन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिले के जमुनहा विकास क्षेत्र में स्थित आदर्श इण्टर कॉलेज जमुनहा में राम समझ वर्मा वरिष्ठ सदस्य विद्या इसलय प्रबंध समिति की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रबंधक प्रेम नारायण यादव व प्रधानाचार्य केदारनाथ तिवारी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानाचार्य गुरुदीन यादव के विदाई समारोह में विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने व आए हुए आगंतुकों ने माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य केदारनाथ तिवारी ने बताया कि विद्यालय में प्रधानाचार्य ने 1980 से जून 2012 तक शिक्षक के पद पर तैनात रहे व 2012 से 31 मार्च 2022 तक प्रधानाचार्य के रूप में कार्यरत रहे तथा उन्होंने अपने पूरे



कार्यकाल जीवन में विद्यालय के प्रति विशेष रूचि रखते हुए सभी शिक्षकों से मिलजुलकर कार्य पूरा किया है तथा विद्यालय में बच्चों के रहन सहन की कमी को देखते हुए भिनगा विधायक इन्द्राणी वर्मा से मिलकर अपने विद्यालय के लिए विधायक निधि से वर्ष 2016 में एक भवन का निर्माण कराया ,और भी इन्होंने विद्यालय की गरिमा को ध्यान में रखकर विद्यालय में होने वाली बोर्ड परीक्षा को सफल करवाया था। विद्यालय के प्रशासन को कुशलता पूर्वक निर्वाहन किया है वह बहुत ही उत्तम रहा है इसी के साथ उनको विदाई देते हुए अपने जीवन को सफलता से व्यतीत करने की कामना की है। वहीं विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष राम धीरज मिश्र,सह प्रबंधक अरुण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष अली अहमद, सदस्य यदुनाथ यादव, राम कुमार त्रिपाठी, राम समुझ वर्मा इन सभी ने उनके व्यवहार कुशल कार्यकाल को सराहते हुए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर प्रो. डॉ. मिश्री लाल वर्मा,दिनेश मिश्र वित्त विहीन शिक्षक संघ मण्डल संयोजक देवीपाटन,सुरेश नारायण पांडेय वित्त विहीन शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष व प्रधानाचार्य नागेंद्र पाण्डेय,प्रधानाचार्य अरविंद कुमार मिश्रा,प्रधानाचार्य योगेश कुमार शुक्ला, प्रधानाचार्य मनीष कुमार यादव, प्रधानाचार्य माखन लाल यादव,प्रधानाचार्य राम कृष्ण तिवारी तथा क्षेत्रीय लोगों के साथ विद्यालय परिवार के यक्ष शिक्षक व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# सैनिक सम्मेलन का आयोजन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा शासन द्वारा जारी ई-बुकलेट मे दिए गए दिशा निर्देश के क्रम में थानों में बीट प्रणाली की व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने के लिए पुलिस लाइन सभागार कक्ष में जनपद के थानों में नियुक्त पुरुष/महिला बीट पुलिस अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन कर प्रशिक्षित किया गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा सैनिक सम्मेलन/कार्यशाला के दौरान विभिन्न थानों एवं प्रकोष्ठों से आए हुए पुलिस कर्मियों से उनका परिचय प्राप्त कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं निराकरण हेतु संबंधित को निर्देशित किया ।तत्पश्चात सभी बीट पुलिस अधिकारियों को उनके कार्यों का दायित्व के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ सभी त्यौहारो को सकुशल संपन्न कराने हेतु जनपद के कर्मचारियों को बधाई दी गई तथा त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने व शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 51 पुलिस कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सम्मेलन/ कार्यशाला में क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे, क्षेत्राधिकारी डा0 देवेंद्र पचौरी, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, पेशकार पुलिस अधीक्षक उ0नि0 अजय कुमार सहित 153 पुरुष/महिला बीट पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# गृह कला के चलते विवाहता ने विषाक्त पदार्थ खाकर दिया जान

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मारू मुर्तिहा के निवासी शकीना पत्नी अखिलेश आयु 30 वर्ष गृह कला के चलते रात्रि में विषाक्त पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर दिया जब शकीना ने विषाक्त पदार्थ खाने से तबीयत बिगड़ी तो परिजन द्वारा उसे समुदाय स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर को लाये जहां पर डॉक्टर ने शकीना को मृत घोषित कर दिया और सूचना थाना मल्हीपुर पुलिस को दिया पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है सकीना की छोटी एक वर्ष की बच्ची भी है शकीला का मायका ग्राम कुट्टी थाना रानीपुर जनपद बहराइच में पड़ता है और सकीना केंद्र की सूचना उसके शकीना के माता-पिता को दे दिया गया है सूचना पाकर पिता बबलू पुत्र महमूद अली घटनास्थल पर पहुंचकर थाना मल्हीपुर में सूचना दीया और आरोप लगाया है कि सास ससुर व जेठ जेठानी उसके पति द्वारा मेरे लड़की को प्रताड़ित किया जाता था और जहर देकर उसकी हत्या कर दी गई है इस संबंध में थाना प्रभारी निरक्षक से जानकारी लेने पर बताया गया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी

www.knlslive.com

# पत्नी पति की नहीं हुई सगी,प्रेमी संग मिलकर की पति की हत्या

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- सासनी गेट थाना क्षेत्र में अवैध संबंधों में बाधक बनने पर एक युवक की उसी की पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिल कर हत्या कर दी इसके बाद शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गांधी पार्क थाना पुलिस को उसी दिन शव ट्रैक पर मिला लेकिन, प्रथम दृष्टता घटना को रेल हादसा माना गया शनिवार को जब युवक के स्वजन उसे तलाशते हुए थाना सासनी गेट पहुंचे तो पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया उसके शव के आधार पर जांच की तो पूरा भेद खुल गया पुलिस ने महिला, उसके प्रेमी समेत चार लोगों को हिरासत में ले लिया है

## चेतन ने किया था प्रेम विवाह

थाना सासनी गेट क्षेत्र के कबीर नगर पला निवासी 24 वर्षीय चेतन ने कब करीब 3 साल पहले मोहल्ले की ही नेहा के साथ प्रेम विवाह किया था इन पर 10 माह का बेटा है पुलिस के मुताबिक, चेतन क्षेत्र में ही रहने वाले दीपक की फैक्ट्री में भट्टी पर काम करता था उसकी पत्नी नेहा भी यही काम करती थी ऐसे में नेहा के दीपक के साथ अवैध संबंध स्थापित हो गए चेतन को इसकी जानकारी हुई तो उसने विरोध भी किया था वहीं 20 मई को तड़के चेतन काम के लिए निकला, मगर घर नहीं लौटा 2 दिन तक जब कहीं कोई पता नहीं चला तो चेतन के भाई का लेने 21 मई को पुलिस को तहरीर दी इसमें बताया कि चेतन की पत्नी से फैक्ट्री मालिक दीपक फोन पर बातें करता था चेतन की इसे लेकर कहासुनी भी हुई उसने पत्नी को काफी समझाया, मगर वह जिद पर अड़ी रही और चेतन को छोड़ने तक की बात कह दी वही 19 मई को रात 10:30 बजे दीपक, उसके यहां काम करने वाले कारीगर रवि, पिंटू दारू पीकर घर में घुस आए कालू के भाई गौरव को धमकी दी कि तेरे भाई वह तुझ पर क कॉल ल मंडरा रहा है गालीगलौज की और हत्या की धमकी देकर चले गए अगली सुबह तड़के 2:30 बजे चेतन काम करने गया, तभी से लापता है बोरे में भरकर ले गए थे चेतन का शव - कालू ने हत्या की आशंका जताई एसपी सिटी कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि सासनी गेट थाना प्रभारी पंकज कुमार मिश्रा की टीम ने दीपक को शक के आधार पर लिया है शक्ति से पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल लिया उसने बताया कि नेहा से अवैध संबंध थे इसके चलते 20 मई को सुबह जैसे ही चेतन काम पर आया, उसकी गला दबाकर हत्या कर दी इसके बाद शव को बोरे में रखकर बाइक से भदेसी रेलवे लाइन पर ले गए यहां शव को बोरे से निकालकर ट्रैक पर फेंक दिया

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# भाजपा किसान मोर्चा महानगर ने शिवाजी मार्ग से वाहनों को हटाने के लिए एसपी ट्रैफिक को ज्ञापन दिया

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने एसपी ट्रैफिक को ज्ञापन दिया भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने ज्ञापन में लिखा है नौरंगाबाद शिवाजी मार्ग पर कहीं बाहर गलत तरीके से खड़े होते हैं रास्ता अवरुद्ध होता है वहां पर बस अभी खड़ी होती हैं जिससे लोगों को दिक्कत होती है तत्काल इस रास्ते से गलत तरीके से पार्टियों बनाने वाले वाहनों को हटाया जाए भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने ज्ञापन में यह भी कहा है कि गलत तरीके से पार्किंग बनाने वाले वाहनों को शिवाजी मार्ग से जप्त किया जाए गलत तरीके से चल रही रोड ऊपर बस शिवाजी मार्ग पर खड़ी होती हैं तत्काल प्रभाव से हटाया जाए जिससे आवागमन में जनता को परेशानी न हो भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है संगठन के द्वारा दिए गए ज्ञापन पर अमल किया जाए ज्ञापन देते समय किसान मोर्चा के महानगर मंत्री संदीप अग्रवाल महानगर कार्यकारिणी सदस्य पवन कुमार सिंह भाजपा किसान मोर्चा विष्णुपुरी मंडल के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ पंडित मंत्री किसान मोर्चा महेश बघेल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे

# युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-गांव का युवक युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। दिन निकलने पर जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने युवती को काफी तलाश किया। थक हार कर परिजनों ने आरोपी के खिलाफ कुंदरकी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। थाना क्षेत्र के गांव ऊँचाकनी निवासी एक ग्रामीण का कहना है कि उसकी पुत्री रात को घर में सो रही थी। रात किसी समय मौका पाकर वह घर से चली गई। दिन निकलने पर परिजनों ने युवती को गायब देखा तो उसकी तलाश शुरू कर दी। काफी खोजबीन करने के बाद भी युवती का सुराग नहीं लगा। बाद में पूछताछ में पता चला कि गांव का ही युवक विपिन पुत्र राजेश उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। इसके बाद परिजनों ने थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# जिलाधिकारी ने आज सायं शिविर कार्यालय पर आयोजित बैठक



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- जिलाधिकारी ने आज सायं शिविर कार्यालय पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए ए0ई0एस0/जे0ई0 एवं अन्य संक्रामक रोगों की रोकथाम, नियंत्रण बचाव एवं विचार एवं वृहद प्रचार-प्रसार हेतु विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अर्न्तगत तथा अभियान के अतिरिक्त भी जनपद में रोगों के आउटब्रेकस पर नियंत्रण हेतु संपादित की जाने वाली गतिविधियों तथा मुख्य सचिव उ0प्र0 द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु निर्गत शासनादेश के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत आवश्यक दिशानिर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने ए0ई0एस0/जे0ई0 तथा अन्य ज्वर पीडित रोगियों के त्वरित एवं निवास स्थान के निकट सुलभ उपचार हेतु हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर के सी0एच0ओ0 को प्रशिक्षित करने तथा साथ ही आउटब्रेकस रिपोर्टिंग एवं रेस्पांस गतिविधियों हेतु भी सीएचओ एवं फ्रन्ट लाईन वर्कर्स को प्रशिक्षित करने के निर्देश दिये हैं। ए0ई0एस0/जे0ई0 एवं अन्य ज्वर पीडित प्रभावित रोगियों के रक्त नमूनों की जांच स्क्रबटाइफस, लेप्टोस्पाईरोसिस रोगों की भी जांच की जाये। जनपद में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मेडिकल कालेजों एवं संस्थानों की प्रयोगशालाओं में ज्वर पीडित रोगियों में 6 जांचे डेंगू, चिकनगुनिया, जीका, जे0ई0 स्क्रबटाइफस एवं लैप्टोस्पाईरोसिस की जांचे अनिवार्य रुप से की जाये। इस हेतु आवश्यक सभी उपकरणों यथा एलीजा रीडर, ट्रू नेट मशीन, आरटीपीसीआर मशीन, इत्यादि की क्रियाशीलता तथा आवश्यक डायग्नोस्टिक किट की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाये तथा इनकी नियमित रुप से मानीटरिंग की जाये। कोलेरा के आउटब्रेक की पुष्टि को दृष्टिगत रखते हुए नगर विकास, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज विभाग व जल निगम द्वारा नियमित अंतराल पर प्रयोग के स्थान से अर्थात् एण्ड यूजर प्वाइंट से पेयजल की विभिन्न जांचे यथा ओ0टी0 टेस्ट, फीकल कंटैमिनेशन का पता लगाने हेतु एच0 2 एस0 द्वारा जांच तथा वायरोलाजिकल्स एवं बैक्टीरियोलाजिकल जांच की जाये ताकि पेयजल की गुणवत्ता तथा रोगाणुहीन होने की स्थिति सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कोविड-19 महामारी के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु राज्य वित्त आयोग से धनराशि का व्यय शासन से प्राप्त गाइडलाइंस के अनुरुप सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एम0सी0 गर्ग, मुख्य कोषाधिकारी सुनील कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

# नगर मजिस्टेªट ने देशी शराब दुकान तथा विदेशी मदिरा दुकानों का किया निरीक्षण




दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- नगर मजिस्टेªट एम0पी0 सिंह ने जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के आदेश के अनुपालन में दिनांक 23.05.2022 को सेक्टर-1 मुरादाबाद के अर्न्तगत देशी शराब दुकान-रामपुर रोड, विदेशी मदिरा दुकान-रामपुर रोड इम्पीरियल तिराहा, प्रिंस रोड व बियर दुकान-इम्पीरियल तिराहा दुकानों का सघन निरीक्षण व गोपनीय टेस्ट परचेज कराया गया। स्टॉक पंजिका के आधार पर स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया, सही पाया गया। क्यू0आर0कोड का रेण्डमली परीक्षण किया गया, सही पाये गये। नगर मजिस्टेªट को निरीक्षण के दौरान दुकान पर कोई अवैध मदिरा/मिलावटी शराब नही पायी गयी। उन्होंने विक्रेता को साफ-सफाई व कोविड-19 के नियमों के अनुपालन करने के दिशानिर्देश दिये गये। निरीक्षण एवं टेस्ट परचेज में प्रश्नगत दुकानें नियमानुसार संचालित होती पायी गयी।

# भगतपुर में मां-बेटी से अश्लीलता, कपड़े फाड़े

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-भगतपुर थाना क्षेत्र में खेत पर भिंडी तोड़ने गई मां-बेटी के साथ अश्लीलता की गई। विरोध पर मारपीट के साथ ही कपड़े भी फाड़ डाले। मां-बेटी शिकायत दर्ज कराने थाने गई तो वहां भी उनकी फरियाद नहीं सुनी गई। घर लौटने पर दबंगों ने फिर से मारपीट की। हिदायत दी थी पुलिस अधिकारियों से शिकायत की तो अंजाम बुरा होगा। सोमवार को पीड़ित मां-बेटी एसएसपी से मिली और दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कप्तान ने सीओ ठाकुरद्वारा को जांचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पीड़ित भगतपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली है। पति किसान है। 17 मई को मां बेटी शाम करीब साढ़े पांच बजे घर से करीब 2 किमी दूर खेत पर भिंडी तोड़ने के लिए गई थी। बकौल पीड़िता इसी बीच वहां पर गांव के ही दबंग लोग आ गए। उन्होंने अश्लीलता शुरू कर दी। दबंग नजदीक आ गए बेटी को दबोचने की कोशिश की। विरोध पर मारपीट की। उस दिन भगतपुर थाना शिकायत दर्ज कराने गए। इसकी जानकारी जब दबंगों को हुई तो उन्होंने रास्ते में घेरकर फिर पीटा। पीड़िता ने बताया दबंगों ने हिदायत दी कि यदि पुलिस के पास शिकायत लेकर गई तो अंजाम बुरा होगा। सोमवार को एसएसपी हेमंत कुटियाल से मिले और गुहार लगाई। एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा को जांचकर कार्रवाई के निर्देश दिए।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# भूगर्भ जल में बढ़ोत्तरी, सिंचाई के लिए उपयोगी सिद्ध हुई हैखेत तालाब योजना-कमिश्नर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के किसानों को सिंचाई, बुआई, बीज, खाद, कृषि उपकरण सहित लाभ पहुंचाते हुए हर स्तर पर सुविधा दे रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने किसानों को परम्परागत ढंग से सिंचाई के लिए ''खेत तालाब योजना'' लागू की है। यह योजना प्रदेश के सभी किसानों के लिए है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक किसान जो अपने खेतों के आसपास, बीच में तालाब बनायेगें, उन्हें राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी प्रदान की जा रही है। प्रदेश सरकार की इस योजना को शुरू करने का उद्देश्य यह है कि बरसात का पानी जमा करा कर किसानों की खेती में सिंचाई की मात्रा को बढ़ावा देना है इससे किसानों को दोनों तरफ से लाभ प्राप्त होगा। किसान खेत में फसल की सिंचाई के साथ-साथ मत्स्य पालन भी कर सकते हैं। सरकार की खेत तालाब योजना से भूगर्भ जल में बढ़ोत्तरी भी हो रही है और किसानों की फसल में अच्छा उत्पादन भी हो रहा है। कमिश्नर ने कहा कि उत्तर प्रदेश खेत तालाब योजना किसानों के लिए शुरू की गयी है। इस योजना के माध्यम से प्रत्येक किसान जो अपने खेत के सामने या बीच में, जहां बारिश का पानी ज्यादा इकट्ठा होता है अगर वहां किसान तालाब बनाते हैं, तो किसानो को इस योजना के तहत 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है। इस तालाब को बनाने का मुख्य उद्देश्य यह भी है कि बरसात के मौसम में दो चार दिन तक लगातार बारिश के समय जो बरसाती पानी फसलों को बर्बाद कर देता है, उसे तालाब बना कर इकट्ठा कराया जाए, इससे किसानों की फसल सुरक्षित रहेगी और इकट्ठे पानी से किसानों को सिंचाई के लिए ट्यूबवेल का इस्तेमाल ज्यादा नहीं करना पड़ेगा। साथ ही जिन किसानों के पास सिंचाई के लिए मोटर सुविधाएं जो बिजली से चलती हो और वहां लाइट की सुविधा न पहुंच पा रही हो उस स्थिति में किसानों की खेती में सिंचाई के लिए पानी की सुविधा देने के लिए तालाब बनवाये जायें। खेत तालाब योजना के शुरू होने से वे सभी किसान जो पहले पानी की समस्या को लेकर और तालाब बनाने के लिए असमर्थ थे अब वह आसानी से योजना का लाभ उठा कर अपने खेतों में तालाब का निर्माण कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश खेत तालाब योजना भूगर्भ जल के स्तर में वृद्धि लाने में भी सहायक हो रहा है। उत्तर प्रदेश खेत तालाब योजना का लाभ लेने के लिए किसान को उत्तर प्रदेश राज्य का निवासी होना अनिवार्य है। इस योजना का लाभ प्रदेश के अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक तथा लघु सीमान्त किसानों को भी मिलेगा। प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गयी इस योजना का लाभ परिवार में केवल एक ही किसान उठा सकता है। योजना में आवेदन वही किसान करेंगे जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक हो। इस योजना के अतंर्गत किसानों के पास बैंक खाता होना आवश्यक है और बैंक अकाउंट आधार कार्ड से लिंक भी होना चाहिए। आयुक्त ने कहा कि शासन का ध्येय है कि प्रदेश के किसान 'खेत तालाब योजना' का लाभ उठाते हुए अपना विकास करें। प्रदेश सरकार ने आगामी वर्षों में एक लाख खेत तालाब बनवाने का लक्ष्य रखा है, जिसको साकार करने के लिए कृषि विभाग के अधिकारी लगातार किसानों से सम्पर्क करते हुए तालाब बनवा रहे हैं।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# Towards 5G

India has moved towards 5G technology. India achieved a major communication breakthrough when Union IT Minister Ashwini Vaishnav made the first 5G call on a test network set up at the Indian Institute of Technology Madras. This test was successful, which means that in the coming times, 5G services will expand rapidly in India. The best part is that our scientists and engineers have contributed the most in the development of this technology. The faster the technological development, the more force will be given to the development of India. Anyway, it is to be noted that in this technology, India is lagging behind the developed countries in the world. In some countries, 5G has started from the year 2019. It is estimated that by the year 2025, more than one billion people in the world will be using 5G, but by then the availability of 6G will also increase. Actually, due to the Corona epidemic, there has been a delay in the case of 5G technology. It was announced last year that the 5G spectrum auction would be held around April-May 2022. But there has been some delay in this work. Union Finance Minister Nirmala Sitharaman had also talked about spectrum auction while presenting the budget earlier this year. It is expected that very soon an auction will be held for these fifth generation services and in a few months 5G service will reach the hands of the common people. India is trying to ensure that we do not depend on any country in the matter of these services and technology should be indigenous at every level. Information security is a big issue today. India's communication is going to be strengthened only with the strength of technology. According to a report, the Department of Telecommunications will present the 5G spectrum auction proposal to the Union Cabinet for final approval next week and the services will start from August or September. People would like to get this facility as soon as possible. The good thing is that right now communication companies are testing 5G at their level and they are almost ready to provide service at their level. There is no doubt that mobile telephone service has come a long and glorious way. 1G was launched in Japan in the late 1970s. It was the first generation of mobile telecommunications technology, which allowed only voice calls. With the introduction of 2G in the year 1991, technology started creating history. The technology went completely digital in the second generation. People started roaming around with the phone. The compulsion to stay in one place to talk on the phone was over. In fact, 2G remains the most popular and most useful in India even today. Whereas there is a large population, which is deprived of 4G service. Telecom companies should do something such that the same type of service is available to all the customers in the country. It should not happen that 2G service also continues and a section of the country should come to 5G. Some companies have started campaigns to move beyond 2G, but 200 million people are still using it. This means that we should move more rapidly towards improvement and continue to try to keep services affordable.

अन्य खबरों के लिए देखे
www.knlslive.com

## Salman Khan expressed happiness over this initiative of the Government of India, said- 'Now Chulbul Pandey's dream will be fulfilled'



The Sultan of Bollywood Salman Khan has reacted to the new initiative taken by the central government to make the police force more people friendly across India. Giving information about this initiative of the government, Praveen Pardeshi, member of the Capacity Building Commission, shared the post on his social media account. Now the actor has shared the post giving his reaction to this initiative of the government. The actor shared the post on his official Twitter handle and wrote, 'Government of India has started a massive training program to make police forces more people friendly across the country.' The actor further wrote, 'Now this Chulbul Pandey's hope has come true before. Let us tell you, Salman Khan has played the role of police officers in many of his films, including films like Wanted, Last the Final Truth, Dabangg, Dabangg 2. At the same time, he also told about the fulfillment of the wish of his domineering character Chulbul Pandey, who is seen fighting a war against injustice in the film. According to the information, these days Salman Khan has started shooting for his upcoming film Kabhi Eid Kabhi Diwali. Recently, he shared a picture from the sets of the film, in which he is seen in a different style with very long hair. In this photo, Salman Khan is seen in an action twist with a still pipe in his hand. Will also be seen in these films - If we talk about his work front, then he will be seen in many films back-to-back this year, he can soon start shooting for the final schedule of Tiger 3, the third film of the Tiger franchise. In this film, he can be seen in the role of RAW agent, while Katrina will be seen playing the role of ISI agent Zoya. Apart from this, Salman Khan is also going to be seen in Pathan, Bajrangi Bhaijaan 2.

## Ramayan's 'Sita' Deepika Chikhaliya replied on being trolled on shorts, also spoke on drink in hand

The recent post of Deepika Chikhaliya, who played the role of Sita in Ramayana, angered her fans. Deepika's outfit looked like a school uniform. She was seen in a party mood with her friends. After trolling in short clothes, Deepika deleted the picture shared. Although even after this it is viral on social media. Deepika's fans see her as Sita, due to which she got negative comments. Deepika Chikhaliya has told during an interview why she deleted that picture. People are attached to the character of Ramayana-- His fans look at the characters of Ramayana with great reverence. Be it Arun Govil, Dipika Chikhlia or Sunil Lahiri, all the characters are loved by the audience. When the serial was telecast again after the lockdown in Corona, the popularity of these actors increased again. The number of fans also increased on the Instagram accounts of Sunil Lahiri and Dipika Chikhlia. Dipika Chikhlia often keeps posting on social media. They also get comments from people on this. Although his recent post was not liked by the people. Keeping in mind the sentiments of her fans, Deepika immediately deleted the post. She also replied on the drink in hand – According to the report of ETimes, when Deepika was asked about this, she replied, I did not know that Will be trolled otherwise I would never have posted like this. I never want to hurt my fans. I feel bad that got trolled. I feel bad that people have been hurt. I know people see me as Sita and not Deepika. Deepika told that I felt that people are not happy. So much is happening in the world, why raise another issue. Deepika also admitted that posting such a picture was her fault. Deepika also replied on the drink in her hand that there was no alcohol in her hand, she does not drink alcohol.



# आदेशों का उल्लंघन करते हुए नजर आ रहे हैं बरेली के मदरसा संचालक

तकी रज़ा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली - मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आदेशों का उल्लंघन करते हुए नजर आ रहे हैं बरेली के मदरसा संचालक बिना रजिस्ट्रेशन कराए फर्जी तरीके से मदरसे की आड़ में गरीब बच्चों कि शिक्षा के साथ किया जा रहा है खिलवाड़ मदरसे के नाम पर फोटो खींचा कर यतीम बच्चों के हक पर भी डाला जा रहा है डाका सोसायटी के नाम से रजिस्ट्रेशन करा कर खेला जा रहा है पूरा खेल मामला छीपीटोला




थाना किला बरेली काला इमामबाड़ा से संबंधित है यहां सहायक प्रबंधक द्वारा शिफा तुल निजात नाम से मदरसे की पढ़ाई एक महीना तक कराई गई जिसमें बच्चों के फॉर्म जमा होने पर सोसायटी द्वारा परीक्षा कराई जाती है र्नाटक की प्रक्रिया द्वारा पुरस्कार देकर बच्चों के फोटो खिंचाई जाते हैं जिसके बाद होती है धन वसूलने की तैयारी सोसायटी के नाम रजिस्ट्रेशन होने से किसी को कोई शक नहीं होता गरीब बच्चों के नाम से आए बच्चों के पैसे गमन कर लिया जाता है इसी प्रकार यह प्रक्रिया बार-बार मदरसे का नाम बदलकर एक मंच नाट्य कार्यक्रम कर गरीब बच्चों के हक पर डाका डाला जाता है जिससे गरीब बच्चे शिक्षा से दूर रह जाते हैं जहां मुख्यमंत्री जी के खुले आदेश है नए मदरसे को सुविधा नहीं दी जाएगी पूर्व मदरसे जो संचालक चला रहे हैं उन पर भी जांच कर उचित कार्रवाई की जाए जिससे बच्चे शिक्षा से दूर ना है

# वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज एटा में अव्यवस्थाओं का अंबार

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज एटा में अव्यवस्थाओं का अंबार अव्यवस्थाओं का होना भ्रष्टाचार का जीता जागता सबूत वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज एटा में अव्यवस्थाओंकाअंबार लगा हुआ हैआप जिधर भी देखो उस तरफ आपकी अव्यवस्था पर ही नजर जाएगी।कई कई घंटों तक बिजली गुल रहती है। मेडिकल कॉलेज के आपात कालीन कक्ष में अंधेरी रात जैसा माहौल दिखाई देता है।

बिजली जाने पर जनरेटर की व्यवस्थाऐं दिखावटी रूप पर रखी हुई है। लेकिन जनरेटर कभी चलता नहीं है। कागज में जनरेटर जरूर चलता होगा। जिस पर डीजल खर्चा भी दिखाया जाता होगा। मरीज की दवा के नाम पर कुछ भी नजर नहीं आता है इस अव्यवस्था पर जिले के जिलाधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही न करना संदेह पैदा करता है। चारों तरफ आने वाले मरीज एक ही बात कहते हुए नजर आते हैं। कि जब यह जिला अस्पताल था तब यहाँ सारी व्यवस्थाऐं चाक-चौबंद थी। कागजों पर तो मेडिकल कालेज (बड़ा नाम) बन गया लेकिन धरातल पर कुछ भी नजर नहीं आता है। अब तो ऐसी स्थिति आ गई है कि मरीज भी आना कम हो गए हैं। उन्हें पता चल गया है कि मेडिकल कालेज के नाम पर कागजों पर एक लंबा खेल खेलने वाले भ्रष्ट अधिकारी इसकी कमान संभाल रहे हैं। और इस भ्रष्टाचार से संबंधित अधिकारियों पर उच्च अधिकारियों ने मोन स्वीकृति प्रदान कर दी है।एसे मे इलाज के नाम पर मरीज स्वम चक्कर लगाता है।कुल मिलाकर मैडिकल कालेज से लोगों का भरोसा उठ चुका है।जो लोग आ भी रहे है।आने वाले दिनो मे वह भी नही आयेंगे।।

# दुष्कर्म करने एवं नाबालिग का अपहरण करने के संगीन आरोपों में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-निधौली कला पुलिस को मिली सफलता थाना निधौली कला पुलिस द्वारा दुष्कर्म करने एवं नाबालिग का अपहरण करने के संगीन आरोपों में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नोली कला पुलिस द्वारा एक वंचित अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। घटना क्रमानुसार आज दिनांक 23.05.2022 को थाना निधौली कला पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म करने एवं



नाबालिग युवती का अपरहण कर लेने के आरोपों में थाना निधौली कला पर पंजीकृत मुअसं - 73/2022 धारा 376/506 भादवि व 214/21 धारा 363/366/120 बी भादवि व 16/17 पोस्को एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# टॉप टेन अपराधी को अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार किया



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- थाना बागवाला पुलिस को मिली सफलता थाना बागवाला पुलिस द्वारा एक टॉप टेन अपराधी को अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बागवाला पुलिस द्वारा एक टॉप - 10 अपराधी को अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। घटनाक्रमानुसार थाना बागवाला पुलिस द्वारा आज दिनांक 23.05.2022 को समय करीब 8-10 बजे मुखबिर की सूचना पर कारजा नहर पुल के पास से एक टॉप 10 अपराधी को एक अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# धोखाधड़ी कर सोने चांदी के आभूषण ठगने वाला भगत गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-वादी बदन सिह पुत्र तालेवर निवासी ग्राम सोहार थाना मलावन द्वारा इस आशय की लिखित सूचना दी गयी कि एक अज्ञात व्यक्ति वादी के घर पर आया और खुद को भगत बताते हुये वादी के पुत्र का इलाज करने के लिये कहा एवम् इलाज के बहाने सोने चादीं के जेवर वादी से लिये तथा तंत्र मंत्र करते हुए आभूषणों को अपने साथ लाये मिट्टी की पोटली से बदलकर वादी के सोने चांदी के जेवर धोखाधड़ी कर अपने साथ ले गया इस सूचना पर थाना मलावन पर मु0अ0सं 80/2022 धारा 420/406 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। आज रविवार को थाना मलावन के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार द्वारा अपने आप को भगत बताकर तंत्र मंत्र की विद्या के सहारे धोखाधड़ी कर सोने चांदी के आभूषणों को ले जाने के संबंध में थाना मलावन पर पंजीकृत मुअसं-80/22 धारा 420/406 भादवि के अभियोग में वांछित चल रहे अभियुक्त उमेश उर्फ बॉबी पुत्र नेत्रपाल सिंह निवासी ग्राम भगीपुर थाना कोतवाली नगर को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुऐ जेल भेजा जा रहा है !

# कांग्रेस नेता विजय प्रताप यादव ने साधा केंद्र सरकार पर निशाना

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-प्रदेश के सह संयोजक विजय प्रताप यादव केन्द्र सरकार बोले देश के वर्तमान हालात बहुत खराब चल रहे है जहाँ वर्तमान केंद्र सरकार जाति-धर्म को लेकर जो नफरत फैला कर लोगों के दिलो में जहर घोलने का काम कर रही मंदिर मस्जिद पर जहाँ तत्काल शासन प्रशासन अपनी भूमिका निभाने के लिए तत्परता दिखाती है वैसे ही महंगाई, बेरोजगारी पर क्यों नहीं इतनी गंभीरता दिखाते! कांग्रेस के युवाओं ने महगाई के खिलाफ लगातार धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने बाद थोडी राहत देने का काम किया है केंद्र सरकार ने पेट्रोल डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम की और सिलेंडर पर वो भी सभी को नहीं सिर्फ उज्जवला योजना बाले सदस्यों को।। हम सबको एक साथ मिलकर एकजुट होकर इस भ्रष्टाचार और अत्याचारी सरकार को हटाने का काम करना होगा

# दबंगो द्वारा पति पत्नी की मारपीट का वीडियो हुआ वायरल

योगेश मुदगल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- एटा जनपद के जलेसर क़स्बा व थाना छेत्र मे दबंगो द्वारा पति पत्नी की मारपीट का वीडियो हुआ वायरल। महावीर गंज पाठक वाली गली क़स्बा व थाना जलेसर का मामला। गोपाल, शीओम, मनीष, व दो अज्ञात दबंगों पर घर मे घुसकर मारपीट करने का आरोप। पति विकास वार्ष्णेय और पत्नी रानी वार्ष्णेय की दबंगो द्वारा पिटाई का आरोप। बीच मे आयी पीड़िता की ढ़ाई साल की लड़की को भी घायल करने एवं पीड़िता का मोबाइल और कुण्डल भी तोड़कर ले जाने का आरोप। प्रार्थिया द्वारा नल से पानी लेने के कारण मारपीट का आरोप। वायरल वीडियो मे दबंग पीटते नजर आ रहे हैं। पीड़िता रानी वार्ष्णेय ने एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और राष्ट्रीय मानवाधिकर आयोग से शिकायत कर दबंगों पर एफआईआर कर कायवाही करने की गुहार लगायी। पीड़िता का आरोप दबंगो के प्रभाव मे एटा पुलिस नहीं कर रही कोई कार्यवाही। 18 मई 2022 को शुबह 11 बजे का बताया जा रहा है

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## रायपुर में सिख समाज ने शुरू किया लंगर, CM भूपेश के उद्घाटन करते ही टूट पड़े लोग, भूख नहीं यहां दूर हो रहा दर्द




दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में लंगर लगा है। लंगर में भीड़ भी जुट रही है, लेकिन यहां खाना नहीं मिल रहा है। अब आप सोच रहे होंगे कि लंगर लगा है और खाना भी नहीं मिल रहा यह कैसे हो सकता है। दरअसल, लंगर दवाओं का लगा है और यहां लोगों को मुफ्त में हर मर्ज की दवा बांटी जा रही है। सीएम भूपेश बघेल ने इस लंगर का उद्घाटन किया। लंगर का संचालन विधायक कुलदीप जुनेजा और छत्तीसगढ़ सिख संगठन की ओर से किया जा रहा है। रायपुर के देवेंद्र नगर चौक में शुरू हुआ यह लंगर अपनी तरह का यह अनोखा लंगर है। रायपुर उत्तर क्षेत्र के विधायक कुलदीप जुनेजा और छत्तीसगढ़ सिक्ख संगठन इस लंगर को संचालित कर रहे हैं। 'दवाई का लंगर' इस नि:शुल्क दवाखाना में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा फ्री चिकित्सकीय सलाह भी दिया जा रहा है। सिख समाज द्वारा लंगर में लोगों को सभी प्रकार की दवाइयां उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। समाज का कहना है कि दवाइयों की कीमत अधिक है। आर्थिक परेशानियों की वजह से कई लोग इलाज नहीं करा पाते। ऐसे में इस लंगर से उन्हें मदद मिलेगी।

### नि:शुल्क में दवा और डॉक्टर से सलाह भी

दवाओं के इस लंगर में कोई भी मुफ्त में दवा ले सकता है। बुखार, सर्दी-झुकाम, सिर दर्द, बीपी, शुगर से लेकर विटामिन व जिंक टैबलेट सहित विभिन्न बीमारियों की दवाइयां यहां उपलब्ध है। इस लंगर के माध्यम से लोगों को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराने पर सीएम भूपेश बघेल ने विधायक जुनेजा और रायपुर मेयर एजाज ढेबर की सराहना की। सीएम ने कहा कि निःशुल्क दवा दिया जाना अच्छी पहल है। इससे गरीबों को काफी फायदा मिलेगा। राह चलते किसी प्रकार की बीमारी सामने आए तो यहां डॉक्टर से परामर्श और निःशुल्क दवाइयां ले सकते हैं।

## वाराणसी में बीच गंगा में पलटी नाव, छह डूबे, तीन की लाश बरामद, एक की तलाश



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
वाराणसी में सोमवार को एक बार फिर बड़ा हादसा हो गया। बीच गंगा में नाव पलटने से छह लोग डूब गए। दो लोगों को किसी तरह बचा लिया गया। एनडीआरएफ की मदद से तीन लोगों की लाश बरामद हो गई है। एक की तलाश की जा रही है। प्रभु घाट के ठीक सामने हुए हादसे में नाविक की भी मौत हो गई है। बताया जाता है कि नाविक सहित छह लोग सवार थे। नाव में सवार फिरोजाबाद के टुंडला निवासी केशव ने बताया कि नाव में छेद था। पानी भरने से हादसा हुआ है। 5 दोस्त फिरोजाबाद के टुंडला से वाराणसी घूमने आए थे। सभी नाविक शनि की नाव पर सवार हुए थे। अचानक नाव डगमगाने लगी और पलट गई। आसपास की नावों पर सवार लोगों ने दो लोगों को बचा लिया। कुछ लोगों को नाविक शनि ने बचाने की कोशिश की लेकिन एक साथ तीन लोगों ने उसे पकड़ लिया। इससे अन्य के साथ वह भी डूब गया। हादसे की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस, एनडीआरएफ की 11वीं बटालियन के गोताखोर और जल पुलिस लापता हुए लोगों की तलाश में जुट गए। थोड़ी ही देर में नाविक शनि समेत तीन शवों को बरामद कर लिया गया। पुलिस की मानें तो अभी तक ये बात सामने आ रही है कि नाव सवार सभी लोग शराब के नशे में थे। केशव और पवन को बचाया गया है। केशव ने बताया कि वह मरुधर एक्सप्रेस ट्रेन में पैंट्री कार का संचालक है।हादसे में नाविक शनि (55) समेत टुंडला के अनस (20) और इमामुद्दीन (30) की डेड बॉडी मिली है। पुलिस का कहना है कि सभी के परिवार वालों से बात कर सूचना दे दी गई है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। परिवार वालों के आने के बाद उनका पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। अभी लापता संजय (36) की तलाश चल रही है।

## ज्ञानवापी पर बोले केंद्रीय मंत्री, काशी में सब कुछ भगवान शिव का




दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
औरैया वार्ता केंद्रीय कानून राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने ज्ञानवापी मामले में कहा कि काशी भगवान शिव ने बसाई थी, यहां सब कुछ उन्हीं का है। एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आये श्री बघेल ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि काशी को भगवान शिव ने बसाया है जबकि इस्लाम सातवीं शताब्दी में ही अस्तित्व में आया है। द्वापर युग का कार्यकाल ही 5400 साल है। यहां सतयुग भी रहा है, त्रेता भी रहा है। उन्हें यह सोचना चाहिए। यह देश संविधान से चलेगा। रूल ऑफ लॉ से चलेगा। किसी के विरोध करने से या भीड़तंत्र से यह देश नहीं चलेगा। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव और मोहम्मद आजम खान के बीच नाराजगी से भाजपा का कुछ लेना देना नहीं है। आजम के भाजपा में शामिल होने की चर्चा के सवाल पर कहा कि पार्टी हाईकमान तय करेगी कि किसे लेना है किसे नहीं लेना है। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड सरेंडर की सूचना अफवाह है। बोगस और अपात्र राशन कार्डों की जांच होनी चाहिए। हमारे जिले में लोगों ने किसान सम्मान निधि गलत तरीके से ली है। मैं कहना चाहूंगा कि पीडीएस सस्टिम रहेगा। ऐसे कैसे हो सकता है कि जिस देश में 80 करोड़ लोग खाद्य वितरण प्रणाली से भोजन प्राप्त करते हों, उनके राशन कार्ड निरस्त नहीं होंगे लेकिन बोगस राशन कार्ड निरस्त होंगे। योगी आदित्यनाथ के समय में कोई चीज गलत नहीं चलेगी। रूल ऑफ लॉ रहेगा। अपात्र को हटाया जाएगा। पात्र व्यक्ति को ही राशन मिलेगा।

## कानपुर में आए बवंडर ने मचाया हाहाकार, पेड़ जड़ से उखड़ गए, छतों पर लगे टीनशेड पतंग बन गए



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
कानपुर में सोमवार दोपहर 70 किलोमीटर की रफ्तार से आए बवंडर ने चौतरफा हाहाकर मचा दिया। सैकड़ों पेड़ जड़ से उखड़कर सड़कों पर आ गए। बिजली के पोल टूट गए। छतों पर लगे टीनशेड हवा में पतंग बन गए। इससे घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों को काफी नुकसान पहुंचा। जर्जर मकान तक डोल गए। दोपहर 11 बजे से ठप बिजली सप्लाई शाम तक ठीक नहीं हो पाई है।

### कहीं बूंदाबांदी तो कहीं पड़े छींटे

दिन में आई आंधी के साथ तेज बारिश की संभावना थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शहर के कुछ हिस्सों में छींटे पड़े तो कई स्थानों पर बूंदाबांदी का असर रहा। आंधी के बाद एक बार फिर सायंकाल मौसम बदला तो शहर के बीच भी हल्की बारिश हुई। बिठूर, घाटमपुर, बिल्हौर और आसपास भी कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई।


### मरेकंपनी के अस्थायी डिवाइडर हवा में उड़ गए

आंधी की भयावकता का अंदाजा इसी से लगा कि हवा के झोंकों के साथ मरेकंपनी पुल पर लगे अस्थायी प्लास्टिक डिवाइडर उड़ गए। 41 अस्थायी डिवाइडर पूरी सड़क पर उड़कर बिखर गए। वाहन सवारों को आवाजाही में दिक्कतें हुईं। आंधी थमने पर ट्रैफिक पुलिस ने डिवाइडर व्यवस्थित कराए।

### बिठूर में आम के बगीचे अमिया से पट गए

बिठूर क्षेत्र में आंधी ने खूब तबाही मचाई। आम के बगीचों में भारी तबाही मची। शनिवार की रात आई आंधी की बर्बादी से बगीचा मालिक उभर भी नही पाए थे। सोमवार को आई आंधी ने दूसरी तबाही मचा दी। जाली पोखर बगीचा की रखवाली कर रहे राजेंद्र पाल ने बताया कि काफी नुकसान हुआ है। मजदूरों को लगवा कर अमिया उठाने का काम किया जा रहा है। बिजली के पोल टूटने से करीब सत्तर गांव की बिजली आपूर्ति बंद हो गई है।

## बरेली में BJP नेता को पुलिस चौकी में बुलाकर पीटा, भाजपाइयों का हंगामा



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
बरेली के प्रेमनगर पुलिस पर मारपीट की शिकायत पर भाजपा के वार्ड अध्यक्ष को चौकी लाकर पीटने का आरोप लगा है।। मामले की सूचना मिलते ही तमाम भाजपा नेता चौकी पहुंच गये। उन्होंने चौकी पर हंगामा किया। इंस्पेक्टर प्रेमनगर ने मामले की रिपोर्ट एसएसपी को भेज दी है। कोहाड़ापीर चौकी क्षेत्र के रहने वाले कुलदीप का सामान खरीदने को लेकर पड़ोस के रहने वाले विपिन कुमार से विवाद हो गया था। आरोप है कि दोनों में गाली गलौज और मारपीट हुई। सूचना पर चौकी के सिपाही गौतम गिरी पहुंच गये। दोनों को चौकी लाया गया। आरोप है कि चौकी पर कुलदीप की पुलिस ने पिटाई कर दी। पीटने की वजह से कान के पास सूजन आ गई। मामले की सूचना मिलने पर कई भाजपा नेता वहां पहुंच गये। उन्होंने चौकी पर हंगामा किया। इंस्पेक्टर प्रेमनगर जसवीर सिंह ने समझाकर शांत किया। कुलदीप का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। कुलदीप की तहरीर पर विपिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। चौकी पर तैनात सिपाही गौतम गिरी के खिलाफ रिपोर्ट एसएसपी को भेज दी गई है।